<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

''हिन्दुस्तान कॉलेज को मिला श्रेष्ठ टेक्नीकल कॉलेज का अवार्ड''

होटल ग्रॉन्ड, नई दिल्ली के सभागार में डॉ. वीरेन्द्र कुमार, राज्य मंत्री महिला बाल विकास व अल्पसंख्यक मंत्रालय, भारत सरकार ने किया सम्मानित

शारदा ग्रुप के हिन्दुस्तान कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड टेक्नोलोजी, फरह, मथुरा को होटल ग्रॉन्ड, नई दिल्ली के सभागार में आयोजित एक सम्मेलन में को श्रेष्ठ तकनीकी संस्थान का पुरस्कार दिया गया जिसे मानव संसाधन संघ भारत सरकार द्वारा संस्थान के निदेशक डॉ. राजीव कुमार उपाध्याय ने ग्रहण किया। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. वीरेन्द्र कुमार, राज्य मंत्री, महिला बाल विकास व अल्पसंख्यक मंत्रालय, भारत सरकार रहे। विशिष्ठ अतिथि श्री अगस्तो मॉन्टिएल, राजदूत वेनेजुएला, श्री विकास वत्स, सचिव मानव संसाधन संघ भारत सरकार तथा अध्यक्ष उद्यमशीलता और कौशल विकास संघ श्री संजय कुमार तथा समाज सेविका कु. महाजन रहे।

संस्थान के उद्यमिता विभाग के समन्वयक ने बताया कि समारोह में मारुति सुजुकी, एस्कार्ट, यामाहा, मोटर्स, एस.आर.एफ., मिंडा ग्रुप, जाइडस कैडिला आदि समूहों के करीब 150 से ज्यादा कॉर्पोरेट मानव संसाधन सदस्य मौजूद थे।

संस्थान की इस उपलब्धि पर शारदा ग्रुप के वाईस–चेयरमैन व कार्यकारी उपाध्यक्ष शारदा ग्रुप ने संस्थान को बधाई देते हुए बताया कि संस्थान की इस उपलब्धि में संस्थान के अनुभवी शिक्षकों व प्रतिपालकों का बहुत महत्वपूर्ण योगदान है। संस्थान के भविष्य में भी इसी प्रकार गुणवत्ता में निखार लाते रहने के लिए निदेशक, शिक्षकगण एवं कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर शारदा ग्रुप के अधिशासी निदेशक ने बधाई देते हुए कहा कि इस कॉलेज को सर्वश्रेष्ठ ऊॅचाई यॉं प्रदान करने में संस्थान के समस्त शिक्षक एवं कर्मचारियों के सम्मिलित कठिन परिश्रम का योगदान है जिसके लिए संस्थान की प्रत्येक इकाई बराबर बधाई एवं धन्यवाद की पात्र है।